परेशानी | वार्डवासी नारकीय जीवन जीने को मजबूर, बीमारियों के फैलने का मंडरा रहा खतरा

# बेलिया में सड़क पर बह रहा नाली का पानी






**कोतमा नवभारत 5 जनवरी।** बेलिया ग्राम पंचायत में बेलिया से राजाकछार मार्ग में पड़ने वाले वार्ड के वार्डवासियों को इन दिनों एक गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा है। गांव में नाली की उचित व्यवस्था नहीं होने के कारण घरों का गंदा पानी सीधे मुख्य मार्ग पर बह रहा है, जिससे वार्डवासियों का जीवन दूभर हो गया है। सड़क पर नाली का पानी बहने से स्थिति बेहद खराब हो गई है। जगह-जगह पानी जमा होने के कारण पूरे क्षेत्र में तेज बदबू फैल रही है, जिससे सांस लेना भी मुश्किल हो गया है। गंदा पानी मच्छरों के प्रजनन का प्रमुख केंद्र बन चुका है, जिससे डेंगू, मलेरिया और अन्य जलजनित बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है।

### स्कूली बच्चों को आवागमन में हो रही परेशानी

सड़क कीचड़ में बदल गई है, जिससे पैदल चलने वालों और छोटे वाहनों के लिए आवागमन करना अत्यंत कठिन हो गया है। स्कूली बच्चों को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है। स्थानीय वार्डवासियों ने बताया कि वे इस समस्या को लेकर कई बार ग्राम पंचायत और संबंधित अधिकारियों से शिकायत कर चुके हैं, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

### पक्की नाली का निर्माण करने की मांग

स्थानीय निवासी ने कहा, 'हम सालों से इस गंदगी में जी रहे हैं। बिना नाली के सारा गंदा पानी सड़क पर आ जाता है। हमारी मांग है कि जल्द से जल्द पक्की नाली का निर्माण कराया जाए ताकि हमें इस नारकीय स्थिति से मुक्ति मिल सके। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और ग्राम पंचायत से अपील की है कि वे इस गंभीर जनहित की समस्या पर तुरंत ध्यान दें। यदि जल्द ही इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो वार्डवासियों ने उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

**इनका कहना है**

ग्राम पंचायत में पर्याप्त बजट नहीं होता, जिसके कारण नाली नहीं बन पा रही है। वार्डवासियों को कई सालों से इस परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**बब्बू कोल**
**सरपंच**




# धान की सुरक्षा के करें पुख्ता इंतजाम

**बारिश की संभावना को लेकर प्रभारी कलेक्टर ने दिए निर्देश**

**अनूपपुर, नवभारत 5 जनवरी।** प्रभारी कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अर्चना कुमारी ने जिले के सभी उपार्जन केन्द्रों में बारिश से धान की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान मौसम को देखते हुए प्रत्येक उपार्जन केन्द्र पर तिरपाल की पर्याप्त व्यवस्था एवं जल निकासी की समुचित व्यवस्था अनिवार्य रूप से की जाए, ताकि उपार्जित धान को किसी प्रकार की क्षति न हो।

प्रभारी कलेक्टर कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित नर्मदा सभागार में आयोजित समय-सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देशित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि उपार्जन केन्द्रों पर धान को पूर्ण रूप से तिरपाल से ढंककर रखा जाए तथा नालियों की साफ-सफाई कर जल निकासी सुनिश्चित की जाए। साथ ही अधिकारियों को नियमित भ्रमण कर व्यवस्थाओं की सतत निगरानी के निर्देश दिए।

**धान परिवहन प्राथमिकता से करें**

बैठक में प्रभारी कलेक्टर ने उपार्जित धान के परिवहन को प्राथमिकता से कराने पर जोर देते हुए कहा कि कृषकों के लिए उपार्जन केन्द्रों पर बैठक व्यवस्था, पेयजल एवं अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस से संबंधित विषयों पर चर्चा करते हुए जिले में नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग, पशुपालन विभाग द्वारा संचालित डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना तथा गौशालाओं की स्थिति की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# कोतमा में व्यापारिक विकास को नई रफ्तार

**ग्रामीण एवं कुटीर मंत्री दिलीप जायसवाल ने किया श्री गणेश ट्रेडर्स का उद्घाटन**

**जमुना कोतमा नवभारत 5 जनवरी।** नगर के व्यापारिक परिदृश्य में एक नया अध्याय जुड़ गया, जब श्री गणेश ट्रेडर्स (अपोलो टायर्स डीलरशिप) का भव्य उद्घाटन 2 जनवरी 2026, शुक्रवार को ज्योति पेट्रोल पंप के सामने, कोतमा में संपन्न हुआ। उद्घाटन समारोह का शुभारंभ विधिवत भगवान श्री गणेश के पूजन-अर्चन के साथ किया गया।

इस प्रतिष्ठान का उद्घाटन दिलीप जायसवाल, ग्रामीण एवं कुटीर उद्योग मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), मध्य प्रदेश शासन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में नगर व आसपास के क्षेत्रों से हजारों की संख्या में व्यापारी, जनप्रतिनिधि, सामाजिक संगठन और आमजन उपस्थित रहे,



जिससे आयोजन ऐतिहासिक बन गया। इस अवसर पर आशीष मिश्रा ने कहा कि श्री गणेश ट्रेडर्स के माध्यम से क्षेत्रवासियों को अपोलो टायर्स के उच्च गुणवत्ता वाले टायर, आधुनिक तकनीक और भरोसेमंद सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगी।

**युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे : जायसवाल**

श्री गणेश ट्रेडर्स जैसे प्रतिष्ठान न केवल स्थानीय व्यापार को मजबूती देते हैं, बल्कि युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित करते हैं। अपोलो टायर्स जैसी प्रतिष्ठित कंपनी की डीलरशिप खुलना यह दर्शाता है कि कोतमा अब आधुनिक व्यावसायिक केंद्र के रूप में उभर रहा है। सरकार का प्रयास है कि छोटे शहरों में भी गुणवत्तापूर्ण सेवाएं और उद्योग विकसित हों।

## सरकार ग्रामीणों को कर रही गुमराह : राजू

**जमुना कोतमा नवभारत 5 जनवरी।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, जिला अनूपपुर के नेता और पंच राजू चौधरी के नेतृत्व में सोमवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार की नई नीतियों के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए जिला कलेक्टर के नाम रोजगार सहायक ग्राम पंचायत प्यारी क्रमांक 1 अंजू मिश्रा को ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन मनरेगा के मूल स्वरूप में बदलाव और जी-राम जी योजना के विरोध में सौंपा गया। राजू चौधरी ने आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा सरकार जी राम जी को गरीब समर्थक बताकर ग्राम सभाओं के माध्यम से ग्रामीणों को गुमराह कर रही है। उन्होंने कहा कि वास्तव में यह योजना मनरेगा के तहत मिलने वाले 'काम के गारंटीड अधिकार' को छीनने का प्रयास है। ज्ञापन में कहा गया है कि सरकार ने ग्रामीण रोजगार के 'डिमांड ड्रिवन' (मांग आधारित) स्वरूप को कमजोर कर दिया है और इसे एक बजट नियंत्रित योजना में बदल दिया है।

# एसपी ने पुलिस परिवार के साथ मनाया नववर्ष

**पुलिस अधिकारी, कर्मचारी और परिवारजनों ने खेल प्रतियोगिताओं में लिया हिस्सा**

**अनूपपुर, नवभारत 5 जनवरी।** नववर्ष के अवसर पर पुलिस लाईन अनूपपुर के परेड ग्राउंड में रविवार 4 जनवरी को खेल प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक अनूपपुर द्वारा पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों के साथ न्यू ईयर सेलिब्रेट किया गया। दिनभर चले आयोजनों में महिलाओं और बच्चों सहित बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के अंतर्गत क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन पुलिस अधीक्षक कार्यालय, अनुभाग अनूपपुर, अनुभाग कोतमा एवं अनुभाग पुष्पराजगढ़ की टीमों के मध्य किया गया।




फाइनल मैच अनुभाग कोतमा एवं अनुभाग अनूपपुर के बीच खेला गया, जिसमें अनुभाग कोतमा विजेता एवं अनुभाग अनूपपुर उपविजेता रहा।

### सार्थक ने जीती 200 मीटर की दौड़

एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में 20 मीटर दौड़ ग्रुप ए में सार्थक अहिरवार प्रथम एवं आदर्श पाण्डेय द्वितीय रहे। ग्रुप बी में अंश कोरी प्रथम व व्योम सिंह द्वितीय तथा ग्रुप सी में आरूशी रैदास प्रथम व आराध्या रैदास द्वितीय स्थान पर रहीं। 100 मीटर दौड़ ग्रुप ए में गुंजन प्रजापति प्रथम, वंशिका द्विवेदी द्वितीय एवं निधि सिंह तृतीय रहीं। ग्रुप बी में विवेक बंधैया प्रथम, अक्षत बर्मन द्वितीय व हिमांशु तृतीय तथा ग्रुप सी में शुभम सिंह राठौर प्रथम, नवनीत सिंह द्वितीय एवं यशराज शर्मा तृतीय स्थान पर रहे।

रस्साकसी में चचाई रोड एवं पुरानी बस्ती की टीम विजेता बनी

रस्सा कसी प्रतियोगिता महिलाओं के बीच पुलिस कॉलोनी चचाई रोड एवं पुरानी बस्ती की संयुक्त टीम तथा बरबसपुर पुलिस कॉलोनी के मध्य खेली गई, जिसमें चचाई रोड एवं पुरानी बस्ती की टीम विजेता रही। पुरुषों की रस्सा कसी में पुलिस अधीक्षक कार्यालय-पुलिस लाईन की संयुक्त टीम, अनुभाग अनूपपुर, पुष्पराजगढ़ एवं कोतमा के मध्य मुकाबला हुआ, जिसमें अनुभाग अनूपपुर की टीम विजेता बनी।



# कुएं में गिरने से महिला की मौत

**रात में पानी भरने के दौरान हुआ हादसा**

**अनूपपुर, नवभारत 5 जनवरी।** पुलिस चौकी फुनगा अंतर्गत ग्राम रक्सा में अज्ञात परिस्थितियों में एक महिला की कुएं में गिरने से मौत हो गई। मृतका की पहचान गनेसिया के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार प्रथम दृष्टया आशंका जताई जा रही है कि महिला रात के समय पानी निकालने के लिए कुएं पर गई थी। इसी दौरान पैर फिसलने से वह कुएं में गिर गई। सुबह कुएं के पास महिला की चप्पल दिखाई देने पर ग्रामीणों को अनहोनी की आशंका हुई, जिसके बाद आसपास के लोगों ने खोजबीन शुरू की।

### पुलिस जांच में जुटी

घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर एकत्र हुए और पुलिस को जानकारी दी गई। पुलिस की मौजूदगी में महिला के शव को कुएं से बाहर निकाला गया। चौकी प्रभारी एसएस परस्ते एवं जांच अधिकारी सूर्यभान सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है तथा मामले की जांच की जा रही है।

# कोतमा पुलिस ने बाइक चोर को दबोचा

**मोटरसाईकिल को किया बरामद**

**अनूपपुर, नवभारत 5 जनवरी।** थाना कोतमा पुलिस ने त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए मोटरसाइकिल चोरी के एक मामले का 12 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी गई मोटरसाईकिल भी बरामद कर ली है। जानकारी के अनुसार 4 जनवरी को फरियादी मोहम्मद इकबाल ने थाना कोतमा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। फरियादी ने बताया कि वह अपने परिजनों को ट्रेन में बैठाने के लिए कोतमा रेलवे स्टेशन गया था। उसने रेलवे स्टेशन की सीढ़ियों के पास अपनी काले रंग की बाइक क्रमांक एमपी 65 जेडबी 5429 खड़ी की थी। लगभग आधे घंटे बाद लौटने पर



मोटरसाईकिल मौके से गायब थी, जिसे अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ली गई थी। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद थाना कोतमा पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए विवेचना प्रारंभ की।

### सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गए

पुलिस द्वारा रेलवे स्टेशन एवं आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों की सघन जांच की गई तथा मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी मोहम्मद एनस को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से चोरी गई मोटरसाईकिल बरामद कर ली गई है, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 70 हजार रुपये है। पुलिस द्वारा आरोपी के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## जिले में आनंद उत्सव 14 से 28 तक मनाया जाएगा

**अनूपपुर, नवभारत।** विगत वर्षों की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी जिले में 14 से 28 जनवरी के मध्य आनंद उत्सव-2026 का आयोजन किया जाएगा। उत्सव के सफल संचालन, कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करने एवं उनके प्रभावी पर्यवेक्षण के उद्देश्य से कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है। यह समिति पंचायत स्तर से लेकर विकासखण्ड स्तर तक विभिन्न चरणों में आयोजित होने वाले आनंद उत्सव से जुड़े कार्यक्रमों की योजना, क्रियान्वयन और निगरानी का कार्य करेगी। जिला परियोजना समन्वयक सर्व शिक्षा अभियान को समिति का सदस्य सचिव नियुक्त किया गया है। प्रशासन का उद्देश्य आनंद उत्सव के माध्यम से आमजन की सहभागिता सुनिश्चित करते हुए सामाजिक, सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधियों को बढ़ावा देना है।

# अवैध रेत खनन करते ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

**चालक और मजदूर मौके से फरार**

**अनूपपुर, नवभारत 5 जनवरी।** जैतहरी वन परिक्षेत्र अंतर्गत गढ़ियाटोला बीट के जंगल क्षेत्र में अवैध रेत खनन के खिलाफ वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। रविवार को जंगल के अंदर नाले से रेत खनन करते हुए एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को वन विभाग की टीम ने मौके से जब्त किया। कार्रवाई के दौरान ट्रैक्टर चालक एवं मजदूर वन अमले को देखकर फरार हो गए। वन परिक्षेत्राधिकारी जैतहरी विवेक मिश्रा ने बताया कि रविवार दोपहर मुखबिर से सूचना मिली थी कि गढ़ियाटोला बीट अंतर्गत कक्ष क्रमांक आरएफ 322 खोरीबाबा जंगल के पास नाले से कुछ मजदूर फावड़ा और तसला के माध्यम से अवैध रूप से रेत उत्खनन कर ट्रैक्टर-ट्रॉली में भर रहे हैं। सूचना मिलते ही जंगल गश्त पर तैनात परिक्षेत्र सहायक वेंकटनगर संतोष कुमार श्रीवास्तव एवं गढ़ियाटोला वनरक्षक नरेंद्र कुमार पटेल वन कर्मचारियों व सुरक्षा श्रमिकों के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे। वन कर्मचारियों को देखते ही ट्रैक्टर चालक एवं मजदूर जंगल के रास्ते फरार हो गए।

### वन अपराध के तहत प्रकरण दर्ज

इसके बाद वन विभाग की टीम ने रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित घटनास्थल पर पड़े फावड़ा एवं तसला को जब्त कर लिया। वन विभाग द्वारा वन अपराध के तहत प्रकरण दर्ज कर ट्रैक्टर-ट्रॉली को परिक्षेत्र सहायक वेंकटनगर परिसर में सुरक्षित रखा गया है। साथ ही ट्रैक्टर चालक एवं ट्रैक्टर मालिक की पहचान कर उनकी तलाश की जा रही है।

ठंड बढ़ी | अमरकंटक में मैदान से पहाड़ियों तक जमी बर्फ, पूरा जिला घने कोहरे की चपेट में, दृश्यता घटकर 200 मीटर से भी कम रही


# जिले में शीतलहर का प्रकोप, दोपहर बाद हुए सूर्य देव के दर्शन

**अनूपपुर, नवभारत 5 जनवरी।** जिले में बीते तीन दिनों से कड़ाके की ठंड और शीतलहर का प्रकोप जारी है। पूरा जिला घने कोहरे की चपेट में है। सोमवार सुबह से ही कोहरा छाया रहा, जिससे दृश्यता घटकर 200 मीटर से भी कम हो गई। हालात ऐसे रहे कि वाहन चालकों को दिन में भी लाइट जलाकर वाहन चलाने पड़े। दोपहर बाद कहीं जाकर सूर्य देव के दर्शन हो सके।

मौसम विभाग के अनुसार उत्तर दिशा से आ रही सर्द हवाओं के कारण ठंड और अधिक बढ़ गई है। अनूपपुर में रात का न्यूनतम तापमान 6.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आने वाले तीन दिनों में न्यूनतम तापमान में 1 से 3 डिग्री सेल्सियस तक और गिरावट हो सकती है, जिससे सुबह-शाम ठंड का असर और तेज होगा।

### पुष्पराजगढ़ क्षेत्र में


प्रदेश की प्रमुख धार्मिक एवं



पर्यटन नगरी अमरकंटक सहित पूरे पुष्पराजगढ़ क्षेत्र में शीतलहर का तीव्र असर देखने को मिल रहा है। सोमवार सुबह चार दिनों के अंतराल के बाद ओस की शबनमी बूंदें जमकर बर्फ में तब्दील हो गईं। मैदानों से लेकर पहाड़ियों तक बर्फ की परत नजर आई। घास-फूस, पत्तियां, टीन की छतें, तिरपाल, झोपड़ियां और चारपहिया वाहनों की छत व शीशों पर बर्फ की मोटी परत जम गई। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार सोमवार को तापमान एक बार फिर न्यूनतम स्तर पर पहुंच गया, जबकि पिछले चार दिनों में तापमान 12 से 13 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ था।

### बादल छटते ही ठंड ने दिखाया रौद्र रूप

नववर्ष के बाद लगातार तीन दिनों तक घने बादल छाए रहने से लोगों को ठंड से कुछ राहत मिली थी, लेकिन बादल हटते ही ठंड ने अपना रौद्र रूप दिखा दिया। इसका परिणाम यह रहा कि अमरकंटक में



दोबारा बर्फ जम गई और पूरा क्षेत्र सफेद चादर में ढक गया। कड़ाके की ठंड और शीतलहर के बावजूद श्रद्धालुओं की आस्था में कोई कमी नहीं आई। बड़ी संख्या में पर्यटक, तीर्थ यात्री और श्रद्धालु मां नर्मदा के पावन जल में आस्था की डुबकी लगाते नजर आए।

**बच्चों की सेहत पर पड़ रहा ठंड का असर**

लगातार बढ़ती ठंड का असर बच्चों की सेहत पर भी दिखाई देने लगा है। बीते एक महीने में अस्पतालों में हाइपोथर्मिया के मामलों में वृद्धि हुई है। बाल एवं शिशु रोग विशेषज्ञों के अनुसार बच्चों का शरीर वयस्कों की तुलना में जल्दी ठंडा हो जाता है। नवजात शिशुओं की मांसपेशियां कम विकसित होने के कारण वे ठंड को सहन नहीं कर पाते। वहीं, सीजेरियन डिलीवरी से जन्मे बच्चों में हाइपोथर्मिया का खतरा अधिक रहता है।

## भालूमाड़ा पुलिस की सटोरियों पर कार्यवाही, 2 गिरफ्तार

**अनूपपुर, नवभारत।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती-उर-रहमान के निर्देशन में थाना भालूमाड़ा पुलिस ने सट्टा गतिविधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की है। भालूमाड़ा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर 5 जनवरी को कस्बा जमुना स्थित उजेर बिरयानी के पास रेड कार्यवाही की। इस दौरान खेदन लाल तथा सूरज श्रीवास को सट्टा के अंकों पर रुपये की बाजी लगाते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से अलग-अलग 510 एवं 610 नगद, सट्टा पर्ची एवं पेन जब्त किए। आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।


परिशिष्ट-3

**कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन)**
**जिला-अनूपपुर (म.प्र.)**

क्रमांक-फा.क्र.3/3/2/0001/2026-COURT-ANP-COLL    दिनांक 01 जनवरी 2026.

**स्थानीय निर्वाचन कार्यालय अनूपपुर (म.प्र.) - डाटा एन्ट्री ऑपरेटर (संविदा) की पदपूर्ति हेतु विज्ञप्ति.**

| पद का विवरण | आरक्षण की स्थिति | शैक्षणिक एवं अन्य अर्हता | आयु सीमा | आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| डॉटा एण्ट्री ऑपरेटर (संविदा) के 01 पद हेतु मेट्रिस लेवल-4 (रुपये 19500-62000) | एक पद (अनुसूचित जनजाति) | 1- राज्य शासन द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था से हायर सेकण्डरी या 10+2 परीक्षा उत्तीर्ण . 2- मेप आई.टी. द्वारा आयोजित कम्प्यूटर दक्षता प्रमाणीकरण CPCT परीक्षा उत्तीर्ण 3- मध्यप्रदेश का मूल निवासी . | दिनांक 01.01.2026 को न्यूनतम 21 वर्ष और अधिकतम 40 वर्ष महिला अनूसूचित जनजाति के लिए अधिकतम आयुसीमा 45 वर्ष. | 16 जनवरी 2026 कार्यालयीन समय पर |

1- डाटा एन्ट्री ऑपरेटर (संविदा) की नियुक्ति दिनांक 28.02.2026 तक के लिए की जायेगी। संविदा अवधि आवश्यकता अनुसार बढ़ाई जा सकेगी।
2- आवेदक निर्धारित प्ररुप में आवेदन-पत्र अंतिम तारीख तक जिले के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) के स्पीडपोस्ट अथवा व्यक्तिशः भेज सकते है। विस्तृत जानकारी और शर्तें तथा आवेदन पत्र का प्ररुप मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग की वेबसाईट www.mplocalelection.gov.in एवं जिले की वेबसाईट www.anuppur.nic.in से डाऊनलोड किया जा सकता है।
3- शैक्षणिक योग्यता, मूल निवास, आरक्षण और आयु की शर्तें पूरी करने वाले आवेदक का चयन CPCT परीक्षा में कम्प्यूटर प्रोफिषयेन्सी में प्राप्त अंको के आधार पर मेरिट से किया जायेगा। CPCT परीक्षा में अंग्रेजी और हिन्दी टाईपिंग में क्यालिफाई करना आवश्यक है यदपि टाईपिंग का स्कोर मेरिट में नही जोड़ा जायेगा।

**कलेक्टर**
**एवं जिला निर्वाचन अधिकारी**
**जिला अनूपपुर (म.प्र.)**